रोमानिया के एक संसदीय शिष्टमंडल ने लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन से मुलाकात की

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर, 2014 :रोमानिया की संसद के चैम्बर ऑफ़ डेप्यूटिज़ के प्रेजिडेंट, महामहिम श्री वालेरिउ स्टीफन ज़गोनी के नेतृत्व में एक संसदीय शिष्टमंडल ने आज संसदीय ज्ञानपीठ में लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन से मुलाक़ात की। शिष्टमंडल भारत की संसद के निमंत्रण पर 6 से 12 दिसंबर, 2014 तक भारत की यात्रा पर है ।

शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए, श्रीमती महाजन ने कहा कि भारत और रोमानिया, दोनों ने ही लोकतान्त्रिक मूल्यों को अपनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि लम्बे अरसे से चले आ रहे सांस्कृतिक संबंधों और आर्थिक संबंधों के कारण दोनों देशों के बीच के संबंध और भी मजबूत हुए हैं। माननीय अध्यक्ष ने रोमानिया के प्रेजिडेंट को हाल ही में हुए चुनाव के बाद इस महत्वपूर्ण पद के लिए सफलतापूर्वक निर्वाचित होने के लिए बधाई दी ।

लोक सभा अध्यक्ष ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में संसदीय शिष्टमंडलों के आदान-प्रदान तथा संसदीय राजनय के महत्व पर बल दिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत के समर्थन के लिए रोमानिया को बधाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक सरोकारों के मुद्दों पर दोनों देशों के एक समान विचार द्विपक्षीय संबंधों की विशेषता रही है। ।

आगंतुक शिष्टमंडल के नेता, महामहिम श्री वालेरिउ स्टीफन ज़गोनी ने श्रीमती महाजन को शिष्टमंडल की शानदार मेजबानी के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि भारत और रोमानिया के बीच विशेष मित्रता है तथा संसदीय राजनय से वास्तव में दोनों देशों के बीच संबंध और गहरे हो सकते हैं । उन्होंने कहा कि दोनों देशों के ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और फार्मास्युटिकल्स के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावना है। उन्होंने श्रीमती सुमित्रा महाजन को रोमानिया आने और रोमानिया की संसद में चैम्बर ऑफ़ डेप्यूटिज़ को संबोधित करने का निमंत्रण दिया ।